आदर्श उत्तर
कक्षा - 10
विषय - सामाजिक विज्ञान

1. सही विकल्प - [1×5 = 5]

(i) (स) महाराष्ट्र
(ii) (ब) फ्रांस
(iii) (अ) गढ़ मेंडला
(iv) स: - क, ग, घ ख
(v) ब - जीविका

2. रिक्तस्थानों की पूर्ति - [1×5 = 5]

(i) 11वी
(ii) आधारभूत उद्योग
(iii) जयदेव ने
(iv) 1948 में।
(v) केरल

3. सत्य / असत्य - [1×5 = 5]

(i) सत्य
(ii) सत्य
(iii) सत्य
(iv) सत्य
(v) असत्य

4. सही जोड़ियाँ - [1×5 = 5]

(i) (स) नर्मदा
(ii) (अ) अफ्रीका
(iii) (ब) अमेरिका
(iv) (ई) 2023
(v) (द) पिता का शासन

5. एक वाक्य में उत्तर - [1×5]

(i) चावल
(ii) 1953
(iii) बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय
(iv) भारतीय रिजर्व बैंक
(v) स्वर्ण आभूषण

6. काली मृदा की दो विशेषताएं – 2

(i) कपास की कृषि के लिए यह उपयुक्त है।
(ii) इसमें कैल्शियम कार्बोनेट मैग्नीशियम पोटाश और चूने के तत्व पाए जाते हैं।

अथवा

भूमि निम्नीकरण के दो कारण –

(i) वनों का अत्यधिक विनाश
(ii) अत्यधिक खनन कार्य

7. पारिस्थितिक तंत्र – भौतिक पर्यावरण और उसमें रहने वाले जीवों के सम्मिलित रूप को पारिस्थितिक तंत्र या परितंत्र कहते हैं। 2

अथवा

आरक्षित वन – आरक्षित वनों से तात्पर्य ऐसे वन क्षेत्रों से है जो सरकार या अन्य संबंधित संगठन द्वारा वन्य जीवन के संरक्षण और संवर्धन के लिए सुरक्षित रखे जाते हैं। ये वन क्षेत्र आमतौर पर वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास होते हैं।

8. प्रारंभिक जीवन निर्वाह कृषि की दो विशेषताएं – 2

(i) भूमि के छोटे भू-भाग पर की जाती है।
(ii) आदिम कृषि में पुराने औजारों का प्रयोग किया जाता है।

अथवा

किन्हीं चार मोटे अनाजों के नाम –

1. ज्वार 2. बाजरा 3. रागी 4. मक्का

9. वेलम – चर्म पत्र या जानवरों के चमड़े से बनी की सतह को वेलम कहते हैं। 2

अथवा

निरंकुशवाद – राजकाज की ऐसी व्यवस्था, जिसमें एक ही व्यक्ति के पास संपूर्ण शक्ति होती है और उस पर कोई नियंत्रण नहीं होता है।

10. संघीय शासन व्यवस्था के दो उद्देश्य – 2

(i) देश की एकता की सुरक्षा करना व उसे बढ़ावा देना।
(ii) क्षेत्रीय विविधताओं का पूरा सम्मान करना।

अथवा

गठबन्धन सरकार - एक से ज्यादा राजनीतिक पार्टियों द्वारा साथ मिलकर बनाई गई सरकार को गठबन्धन सरकार कहते हैं।

11. लोकतंत्र की कोई दो विशेषताएं - 2

(i) नागरिकों के बीच समानता को बढ़ावा देता है।
(ii) निर्णय लेने की गुणवत्ता में सुधार करता है।

अथवा

लोकतंत्र के कोई दो सामाजिक परिणाम -

(i) चुने गए प्रतिनिधि जनता के प्रति जवाबदेह हैं।
(ii) जनता को मौलिक अधिकार प्राप्त हों।

12. वैश्वीकरण - विभिन्न देशों के बीच परस्पर सम्बन्ध और तीव्र एकीकरण की प्रक्रिया ही वैश्वीकरण है। 2

अथवा

उदारीकरण - सरकार द्वारा अवरोध अथवा प्रतिबंधों को हटाने की प्रक्रिया उदारीकरण के नाम से जानी जाती है।

13. रेल परिवहन एवं सड़क परिवहन में अंतर - 3

रेल परिवहन	सड़क परिवहन
(i) रेल परिवहन के निर्माण में अधिक लागत लगती है।	i) सड़क परिवहन के निर्माण में कम लागत लगती है।
(ii) रेल परिवहन में एक साथ बहुत सारे यात्री यात्रा कर सकते हैं।	ii) सड़क परिवहन में एक साथ बहुत कम यात्री यात्रा कर सकते हैं।
(iii) रेल परिवहन अधिकतर समतल भूमि पर बनाया जाता है।	iii) सड़क परिवहन, उबड़-खाबड़ और पहाड़ी क्षेत्रों में भी आसानी से बन जाता है।

अथवा

जल परिवहन और वायु परिवहन में अंतर

जल परिवहन	वायु परिवहन
(i) जल परिवहन बहुत सस्ता परिवहन है।	(i) वायु परिवहन अत्यधिक मंहगा परिवहन है।
(ii) जल परिवहन की भार ढोने की क्षमता अधिक है।	(ii) वायु परिवहन की भार ढोने की क्षमता कम है इसमें हल्की वस्तुएं ही जाती हैं।
(iii) जल परिवहन अत्यधिक धीमी गति से चलने वाला परिवहन है।	(iii) वायु परिवहन अत्यधिक तीव्र गति से चलने वाला परिवहन है।

14. उन्नीसवीं सदी के यूरोप में कुछ उद्योगपति मशीनों की बजाय हाथ से काम करने वाले श्रमिकों को निम्नलिखित कारणों से प्राथमिकता देते थे— 3

(i) बहुत सारे उद्योगों में श्रमिकों की मांग मौसमी आधार पर घटती बढ़ती रहती थी। गैस घरों और शराबखानो में मे जाड़े के मौसम में मजदूरों की आवश्यकता होती थी।

(ii) क्रिसमस के समय बुक बाइंडरों तथा प्रिंटरो को भी दिसंबर से पहले ज्यादा मजदूरों की आवश्यकता पड़ती थी इन कामों को भी हाथ से ही किया जाता है।

(iii) बंदरगाहों पर जहाजों की मरम्मत और सफाई एवं सजावट का काम भी जाड़ो में ही किया जाता था अतः वहाँ भी मजदूरों की आवश्यकता थी।

अथवा

प्रथम विश्व युद्ध के समय भारत का औद्योगिक उत्पादन निम्नलिखित कारणों से बढ़ा

(i) पहले विश्व युद्ध तक औद्योगिक विकास धीमा रहा। युद्ध ने एक नई स्थिति उत्पन्न कर दी थी।

(ii) ब्रिटिश कारखाने सेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए युद्ध संबंधी उत्पादन में व्यस्त होने से भारत में मैनचेस्टर के माल का आयात कम हो गया।

(iii) भारतीय उत्पादकों को रातोंरात एक विशाल देशी बाजार मिल गया और नए-नए कारखाने लगाए गए।

15. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 के प्रावधान — 3

(i) सरकार द्वारा वर्ष मे 100 दिन के रोजगार की गारंटी।

(ii) रोजगार उपलब्ध ना होने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ता देना।

(iii) ग्रामीण क्षेत्रों को बढ़ावा देना

अथवा

निजी क्षेत्र की विशेषताएं —

(i) निजी क्षेत्र में परिसंपत्तियों पर स्वामित्व एक व्यक्ति या कंपनी के हाथ में होता है।

(ii) निजी क्षेत्र का मुख्य ध्येय लाभ अर्जित करना है।

(iii) इनका प्रबंध, नियंत्रण, एवं संचालन निजी व्यक्तियों के हाथों में होता है।

[signature]

16. सविनय अवज्ञा आंदोलन के प्रमुख चार कारण - 4

(i) साइमन कमीशन का बहिष्कार
(ii) 1929-30 की विश्वव्यापी आर्थिक मंदी
(iii) भारत में समाजवादी का बढ़ता प्रभाव
(iv) पूर्ण स्वराज की मांग

अथवा

असहयोग आंदोलन के चार उद्देश्य

(i) जलियावाला बाग हत्याकांड का विरोध।
(ii) रोलट एक्ट का विरोध
(iii) ब्रिटिश शासन की वादाखिलाफी का विरोध
(iv) स्वराज्य की प्राप्ति

17. राजनीतिक दलों के चार प्रमुख कार्य - 4

(i) चुनाव लड़ना
(ii) नीति बनाना
(iii) कानून बनाना
(iv) सरकार बनाना

अथवा

लोकतंत्र में विपक्षी दलों की भूमिका

(i) यह दबाब समूह के रूप में कार्य करता है।
(ii) यह सरकार को गतिशील बनाता है।
(iii) यह शासक दल के कामकाज पर नजर रखता है।
(iv) यह संसद में अलग-अलग विचार रखता है।

प्रश्न क्र० 18 का उत्तर

Name.. Date..

Std.................................... Div.................................... Roll No...



Class Teacher's Signature

प्रश्न सं० 18 के अथवा का उत्तर

Name.. Date........................

Std.................... Div.................... Roll No....................



Class Teacher's Signature